# महोबा पुलिस

दिनांकः- 06.02.2021

सोशल मीडिया सेल

## थाना अजनर पुलिस टीम ने हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे अभियुक्तों को किया गिरफ्तारः-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के गौतम व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रामप्रवेश राय के कुशल पर्यवेक्षण में जनपदीय पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपरधियों की रोकथाम व उनके विरुद्ध विधिक कार्यवाही के अनुपालन के क्रम में दिनांक 06.02.2021 को थाना अजनर प्रभारी निरीक्षक श्याम प्रताप पटेल द्वारा गठित टीम के द्वारा मुखबिर की सूचना पर ताश पत्तों से हार-जीत की बाजी लगा रहे अभियुक्तगण क्रमशः 1.दिनेश कुमार अनुरागी पुत्र कन्धूलाल 2. पंकज पुत्र परशुराम 3. अरविन्द्र कुमार पुत्र छिदामीलाल को ग्राम टिकरिया में देवीदीन के मकान के पीछे से जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तो के कब्जे से माल मालफड़ 1000/- रु. व जामातलाशी 520 रु. योग 1520 रु. व 52 अदद ताश-पत्ते बरामद कर आवश्यक कार्यवाही कर अभियुक्तो के खिलाफ मु.अ.सं. 22/2021 धारा 13 **G ACT** पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही सम्पादित की गयी।

### गिरफ्तार अभियुक्तो का विवरणः-

1. दिनेश कुमार अनुरागी पुत्र कन्धूलाल उम्र 24 वर्ष
2. पंकज पुत्र परशुराम उम्र 26 वर्ष
3. अरविन्द्र कुमार पुत्र छिदामीलाल उम्र 21 वर्ष निवासीगण टिकरिया थाना अजनर महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः- थाना अजनर।

1.वरिष्ठ उ.नि. श्री रामप्रताप यादव 2.का. बलजीत सिंह 3.का. राममिलन 4.का. हरेन्द्र कुमार 5.का. हरिओम यादव ।



## थाना महोबकंठ पुलिस टीम ने वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार...।




पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के गौतम व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रामप्रवेश राय के कुशल पर्यवेक्षण में जनपदीय पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपरधियों की रोकथाम व उनके विरुद्ध विधिक कार्यवाही के अनुपालन के क्रम में दिनांक 06.02.2021 को थाना महोबकंठ थानाध्यक्ष दिनेश सिंह द्वारा गठित टीम ने 01 नफर वारण्टी सम्बन्धित मु0न0 221/19 धारा 60 आबकारी अधिनियम अभियुक्त भान सिंह पुत्र श्री भरत को ग्राम कनकुआ से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को संबंधित न्यायालय पेशी हेतु भेजा जा रहा है।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-**

1. उ0नि0 सूरज प्रसाद
2. का0 पंकज पाल थाना महोबकंठ जनपद महोबा।

**गिरफ्तार वारण्टी अभियुक्त का विवरण:-**

भान सिंह पुत्र श्री भरत निवासी ग्राम कनकुआ थाना महोबकंठ जनपद महोबा

प्रेस नोट थाना खन्ना जनपद महोबा

## थाना खन्ना पुलिस टीम ने 03 ऩफर वारण्टी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार...।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के गौतम व क्षेत्राधिकारी नगर श्री कालू सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में जनपदीय पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियान अपराध एवं अपरधियों की रोकथाम/धरपकड व उनके विरुद्ध विधिक कार्यवाही के अनुपालन के क्रम में दिनांक 06.02.2021 को थाना खन्ना प्रभारी निरीक्षक श्री शिवआसरे की देखरेख में गठित टीम के द्वारा 03 ऩफर वारन्टी अभियुक्त क्रमशः (1) बचान सिंह पुत्र जगभान सिंह ठाकुर निवासी ग्योडी थाना खन्ना जनपद महोबा को वाद सं0 351/08 अ0स0 163/08 धारा 25 आर्म्स एक्ट मान0 न्यायालय सिविल जज जू0 डिवीजन मौदहा का वारण्टी अभियुक्त बचान सिंह उपरोक्त को उसके घर के बाहर ग्राम ग्योडी से हिरासत पुलिस लिया गया। (2) बाला प्रसाद पुत्र बच्चा काछी निवासी अखबई थाना खन्ना जिला महोबा उम्र 50 वर्ष सम्बन्धित वाद सं0 351/08 अ0स0 163/08 धारा 25 आर्म्स एक्ट मान0 न्यायालय सिविल जज जू0डिवीजन मौहदा का वारण्टी अभियुक्त बाला प्रसाद को पुलिस हिरासत में लिया गया व (3) लाला उर्फ प्रेमचन्द्र निवासी बहिंगा थाना खन्ना जनपद महोबा उम्र 48 वर्ष सम्बन्धित मु0नं0 646/2006 धारा 457/354 भादवि मान0 न्यायालय सिविल जज जू0डिवीजन मौहदा का वारण्टी अभियुक्त बाला प्रसाद को पुलिस हिरासत लिया गया। अभियुक्तगण उपरोक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय महोबा भेजा गया।

### गिरफ्तार वारन्टी अभियुक्तगणों का विवरणः-

(1) बचान सिंह पुत्र जगभान सिंह ठाकुर निवासी ग्योडी थाना खन्ना जनपद महोबा।
(2) बाला प्रसाद पुत्र बच्चा काछी निवासी अखबई थाना खन्ना जिला महोबा उम्र 50 वर्ष
(3) लाला उर्फ प्रेमचन्द्र निवासी बहिंगा थाना खन्ना जनपद महोबा उम्र 48 वर्ष

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम..थाना खन्ना।

1. उ.नि. त्रिभुवन सिंह 2. उ0नि0 सर्वेन्द्र सचान
3. कां0 विकास 4. कां0 शीलेश कुमार 5. कां0 सुशील कुमार...।



# महोबा पुलिस

दिनांकः- 06.02.2021

सोशल मीडिया सेल

## यातायात पुलिस द्वारा ऑटो/रिक्शा चालकों को सडक सुरक्षा के नियमों का पाठ पढा वितरित किये गये जागरूकता पम्पलेट्स...।

आज दिनांक 06.02.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन पर तथा क्षेत्राधिकारी यातायात श्री कालू सिंह के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात महोबा अरविन्द मिश्रा द्वारा मय टीम के साथ शहर के परमानन्द तिराहा महोबा में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में निर्धारित कार्यक्रम के अन्तर्गत ऑटो/रिक्शा चालकों को यातायात/कोविड-19 के बारे में जागरूक किया गया। जागरुक करते हुये बताया गया कि आप सभी वाहन नशे के हालात मे वाहन को न चलायें, वाहनों को अधिक गति से न चलायें, वाहनों पर स्वीकृत सवारियों से अधिक सवारियों को न बैठायें तथा वैध लाइसेंस के साथ ही वाहन चलाने के साथ-साथ वाहनों को निर्धारित पार्किंग पर खडी करने हेतु जागरूक किया गया, **साथ ही यातायात जागरुकता के क्रम में पम्पलेट्स का वितरण भी किया गया**। वाहन चालकों को इन नियमों का पालन करने हेतु अपने परिवार व आस-पास के लोगों को यातायात जागरुकता हेतु प्रेरित करने का संकल्प दिलाया गया।







# महोबा पुलिस



## “मिशन शक्ति” अभियान- बराबरी का मिले हक और हासिल हों हर अधिकार...।

आज दिनाँक 06.02.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में जनपद में संचालित हो रहे **“मिशन शक्ति”** महाभियान कार्यक्रम के तहत नोडल अधिकारी मिशन शक्ति निरीक्षक श्रीमती रचना सिंह व टीम जिसमें म0कां0 सन्ध्या यादव व रेखा देवी के द्वारा ग्राम काली पहाडी थाना कोतवाली महोबा में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को नारी अधिकारों के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से मिशनशक्ति टीम मिशन शक्ति टीम द्वारा उनके हक एवं अधिकार के प्रति जागरुक किया गया।

जहां पर उपस्थित सभी बालिकाओं एवं महिलाओं को नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन व नारी सुरक्षा के प्रति जागरुक किया गया तथा उन्हे हेल्पलाइन नम्बरों- वूमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्प लाइन-181, आपातकाल सेवा-112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नम्बर-1076, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, एम्बुलेंस सेवा-108 एवं सभी को जनपद के प्रमुख अधिकारियों के सीयूजी नंबरो के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुये हेल्पलाइन नम्बरों से सम्बन्धित पम्पलेट्स वितरित किये गये। साथ ही उन्हे साइबर अपराध एवं महिला कानूनो की भी जानकारी दी गई।








# महोबा पुलिस

दिनांक:- 06.02.2021

सोशल मीडिया सेल

## पीआरवी कर्मियों को 'बेसिक पुलिस टैक्टिस' का प्रशिक्षण मिला
## संदिग्ध की तलाशी, गिरफ्तारी सहित कई आधुनिक तरीके बताये गए
## महोबा जिले में 29 पुलिस कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण









आज दिनाँक 06.02.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम द्वारा पुलिस लाइन सभागार में पीआरवी कर्मियों को और चुस्त-दुरुस्त बनाने के लिए पुलिस कर्मियों को **'बेसिक पुलिस टैक्टिस'** का प्रशिक्षण दिया गया। एडीजी, 112-यूपी श्री असीम अरुण के दिशा-निर्देश में महोबा जिले के 29 पुलिस कर्मियों को बुनियादी पुलिस रणनीति की जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण के उपरान्त महोबा जिले के मुख्य आरक्षी जीतेन्द्र सिंह, आरक्षी अमित कुमार व महिला आरक्षी गुड़िया यादव को क्रमशः पहला, दूसरा व तीसरा स्थान मिला। प्रशिक्षण में पीआरवी द्वारा प्रतिदिन किये जाने वाले कार्यों को शामिल किया गया है।

### गिरफ़्तारी और तलाशी कैसे हो बताया गया

पीआरवी पर तैनात पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण में बताया गया कि कार्य के दौरान यदि किसी आरोपी को गिरफ्तार करने की ज़रूरत पड़े तो उसको कैसे गिरफ्तार

किया जाये। कार्य के दौरान अपने से बलिष्ठ किसी आरोपी को कैसे काबू करना है। प्रशिक्षण में ये भी पुलिस कर्मियों को बताया गया कि किसी संदिग्ध व्यक्ति या स्थान की तलाशी कैसे लेनी है और इस दौरान किन-किन सावधानियों को ध्यान में रखना है, इससे भी कर्मियों को अवगत कराया गया। प्रशिक्षकों द्वारा पुलिस वाहन को चलाने के तरीकों से भी पीआरवी कर्मियों को प्रशिक्षित किया।

## प्रशिक्षकों को लखनऊ में मिला विशेष प्रशिक्षण

**"बेसिक पुलिस टैक्टिस"** को पढ़ाने के लिए महोबा जिले के महिला आरक्षी चन्द्रकान्ती को लखनऊ में **'प्रशिक्षक कोर्स'** कराया गया है। 'प्रशिक्षक कोर्स' करने वालों को प्रशिक्षक किट भी दी गयी, जिसमे सभी आवश्यक साजो-सामान उपलब्ध है। 'प्रशिक्षक कोर्स' कर चुके प्रशिक्षकों द्वारा जिलों में कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## प्रशिक्षण का उद्देश्य

पीआरवी पर तैनात पुलिस कर्मियों को विशेष प्रशिक्षण देने का उद्देश्य नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करना है। इसके साथ ही गिरफ्तारी के दौरान होने वाली अप्रिय घटनाओं और पीआरवी के साथ सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सके, प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य है।





## 20 लीटर अवैध शराब सहित अभियुक्ता को अजनर पुलिस ने किया गिरफ्तार



आज दिनाँक 06.02.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अवैध शराब की बरामदगी अभियान के तहत प्र0नि0 अजनर द्वारा गठित पुलिस व आबकारी टीम द्वारा आनन्दपुरा बड़ेरखुर्द से अभियुक्त श्रीमती ज्योति पत्नी बलदेव कबूतरा उम्र 28 वर्ष, निवासी कबूतरा डेरा ग्राम बिजौरी थाना अजनर जनपद महोबा को **01 प्लास्टिक की पिपिया में 20 लीटर कच्ची शराब नाजायज सहित गिरफ्तार किया गया।** जिसके विरुद्ध थाना हाजा पर **मु.अ.सं. 23/2021 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत** कर आवश्यक कार्यवाही की गयी।

### गिरफ्तार अभियुक्ता का विवरण:-

श्रीमती ज्योति पत्नी बलदेव कबूतरा उम्र 28 वर्ष नि0 कबूतरा डेरा ग्राम बिजौरी थाना अजनर जनपद महोबा।

### गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण:-

1. उ0नि0 श्री राजेश कुमार प्रजापति थाना अजनर जनपद महोबा
2. का0 संदीप यादव
3. आबकारी टीम

## महोबा पुलिस द्वारा मुख्य बाजार में पैदल गस्त करके की गई संदिग्धों की चेकिंग



आज दिनाँक 06.02.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा क्षेत्र के मुख्य बाजार/बस-स्टैण्ड, होटल, ढाबा, मुख्य बाजार,धार्मिक-स्थलों आदि की संघन चेकिंग की गई एवं अनावश्यक रुप से रोड़ पर घूम रहे लोगो से भी पूछताछ की गई। **कोविड-19** का पालन कराये जाने तथा यातायात नियमो का उल्लंघन करने पर **34 वाहन चालको से 4100/-रू0 शमन शुल्क** व **78 ई-चालान किये गये।**






दिनांक 06.02.2021
महोबा पुलिस
राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह
GOOD MORNING MAHOBA
महोबा पुलिस ने `गुड मॉर्निंग महोबा` कह
लोगों का अभिवादन किया और क्षेत्र में
मॉर्निंग वॉक कर रहे लोगों से बात की व
उनकी समस्याओं के बारे में पूछा गया । 'गुड
मॉर्निंग महोबा' कार्यक्रम पुलिस और
नागरिकों के बीच संवाद की कमी को दूर
करने का एक अच्छा माध्यम बन रहा है ।
सोशल मीडिया सेल